Prepp
Your Personal Exams Guide

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।
Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : खण्ड - 'अ' - 4 + खण्ड - 'ब' - 4
Total No. of Questions : Section - 'A' - 4 + Section - 'B' - 4

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11
No. of Printed Pages : 11

M/2026-GS-IV

सामान्य अध्ययन
GENERAL STUDIES

चतुर्थ प्रश्न-पत्र
FOURTH PAPER

समय : 03 घंटे]
Time : 03 Hours]

[पूर्णांक : 300 (खण्ड - 'अ' 150 अंक + खण्ड - 'ब' 150 अंक)
[Total Marks : 300 (Section - 'A' 150 Marks + Section - 'B' 150 Marks)

SECTION - A/ खण्ड - अ

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **16** अतिलघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **20** शब्द होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है । **(16×2=32)**

Que. : 1. This question contains **16** very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **20** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **02 (two)** marks.

प्रश्न: (1.1) चार्वाक दर्शन में कौन-कौन से महाभूत स्वीकार किए गए हैं ?
Which Mahabhutas are accepted in Cārvaka philosophy ?

प्रश्न: (1.2) बौद्ध निकायों में वर्धमान महावीर का उल्लेख किस नाम से हुआ है ?
The Vardhmān Mahavir is mentioned by which name in Buddhist Nikayas ?

प्रश्न: (1.3) योग दर्शन के यम एवं नियम के नाम लिखिये ।
Write the names of yama and Niyama of yoga philosophy.

[P.T.O.

प्रश्न: (1.4) सिक्ख धर्म की स्थापना किसने और किस शताब्दी में की ?
Sikhism was founded by whom and in which century ?

प्रश्न: (1.5) आंतरिक सुरक्षा की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए ।
Explain concept of internal security.

प्रश्न: (1.6) रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) का दायित्व क्या है ?
What are the responsibilities of the Rapid Action Force ?

प्रश्न: (1.7) 'सद्गुण एक है' – इस कथन से सुकरात का क्या आशय है ?
What does Socrates mean by – 'Virtue is One' ?

प्रश्न: (1.8) गाँधी की अहिंसा की अवधारणा विशिष्ट क्यों है ?
Why is Gandhi's concept of Ahimsa (non-violence) specific ?

प्रश्न: (1.9) अभिवृत्ति के मुख्य घटक कौन–कौन से हैं ?
What are the main components of attitude ?

प्रश्न: (1.10) सांवेगिक बुद्धि के संप्रत्यय का वर्णन कीजिए ।
Describe the concept of 'Emotional Intelligence'.

प्रश्न: (1.11) 'मनोविदलता' से क्या आशय हैं ?
What do you mean by 'Schizophrenia' ?

प्रश्न: (1.12) 'पूर्वाग्रह' से आप क्या समझते हैं ?
What do you understand by 'Prejudice' ?

प्रश्न: (1.13) स्टीफन बैली के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के लिये तीन आवश्यक नैतिक गुण कौन–से है ?
According to Stephen Bailey, what are the three essential moral qualities for public sector ?

प्रश्न: (1.14) केथरीन जी. डॉनहार्ट द्वारा ऐसे किन मूल कारकों को चिह्नित किया गया जो लोक प्रशासन के नैतिक आधारों को परिभाषित करते हैं ?
What core tenets have been identified by Catherine G. Donhart that define the moral foundations of public administration ?

प्रश्न: (1.15) उत्तरदायित्व और जवाबदेही में क्या अंतर है ?
What is the difference between responsibility and accountability ?

प्रश्न: (1.16) भारत के मुख्य सतर्कता आयुक्त का कार्यकाल कितना होता है ?
What is the tenure of the chief vigilance commissioner of India ?

प्रश्न : 2. इस प्रश्न में **08** लघुउत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **60** शब्द होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **07 (सात)** अंकों का है । **(8×7=56)**

Que. : 2. This question contains **08** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **60** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **07 (seven)** marks.

प्रश्न: (2.1) देवी अहिल्या बाई होलकर का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
Give a brief introduction of Devi Ahilya Bai Holkar.

प्रश्न: (2.2) योग दर्शन की "संप्रज्ञात समाधि" को स्पष्ट कीजिए ।
Elucidate "Samprajnata Samādhi" of yoga philosophy.

प्रश्न: (2.3) भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी (रॉ-RAW) के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए ।
Throw light on India's External Intelligence Agency – RAW.

प्रश्न: (2.4) भगवद्गीता के अनुसार "कर्मयोग" की व्याख्या कीजिए ।
Explain "Karma yoga" according to the Bhagavad Gita.

प्रश्न: (2.5) पारिवारिक उपचार का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए ।
Describe in brief Family Therapy.

प्रश्न: (2.6) कमजोर वर्गों के प्रति समानुभूति की भूमिका का उल्लेख करें ।
Discuss the role of empathy towards the weaker section of society.

प्रश्न: (2.7) 'प्रशासनिक उत्तरदायित्व' का महत्व समझाइये ।
Explain the significance of 'administrative accountability'.

प्रश्न: (2.8) भ्रष्टाचार अधिनियम, 1947, भ्रष्टाचार की किस प्रकार व्याख्या करता है ?
In which form does the Prevention of Corruption Act, 1947 explain corruption ?

[P.T.O.

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में **04** दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **11 (ग्यारह)** अंकों का है । **(4×11=44)**

Que. : 3. This question contains **04** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **11 (eleven)** marks.

प्रश्न: (3.1) आचार्य शंकर के अनुसार 'माया' की अवधारणा को समझाइये ।
Explain the concept of 'Maya' according to Acharya Shankar.

अथवा/OR

संत रविदास की "अष्टांग साधना" की विवेचना कीजिए ।
Discuss the "Astang-Sadhana" of Sant Ravidas.

प्रश्न: (3.2) राष्ट्रीय शक्ति के तत्वों की विवेचना कीजिये ।
Discuss the elements of National power.

अथवा/OR

शुभ क्या है ? परमशुभ के स्वरूप की विवेचना कीजिए ।
What is Good ? Discuss the nature of highest Good.

प्रश्न: (3.3) व्यक्तिगत भिन्नता से आप क्या समझते हैं ? व्यक्तिगत भिन्नता के तत्वों तथा इससे जुडे सिद्धांतों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।
What do you understand by individual differences ? Describe in brief elements and related theories of individual differences.

अथवा/OR

व्यक्ति-केन्द्रित चिकित्सा से आप क्या समझते है ? मनोचिकित्सा में एक तकनीक के रूप में इसके अनुप्रयोग की उपयोगिता और सीमा को बताएँ ।
What do you understand by client-centered therapy ? As a technique of psychotherapy, elaborate its application and limitation.

प्रश्न: (3.4) 'प्रशासनिक नैतिकता' पर मेक्स वेबर के विचारों का मूल्यांकन कीजिये ।
Evaluate the views of Max Weber on 'Administrative Ethics'.

अथवा/OR

"सत्यनिष्ठा लोक प्रशासन का आधारभूत तत्व है ।" इस कथन के परिप्रेक्ष्य में सत्यनिष्ठा के महत्व को समझाइये ।
"Integrity is the foundational element of public administration." In the conte of this statement explain the significance of integrity.

Prepp
Your Personal Exams Guide

4. इस प्रश्न में **01** केस स्टडी है, जिसमें कुल **06** प्रश्न होंगे तथा **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **30** शब्द होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । **(6×3=18)**

4. There is **01** case study in this question, in which there will be total **06** sub-questions and ideally word limit for each answer will be **30** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **03 (three)** marks.

प्रश्न: (4) **प्रकरण अध्ययन** (Case Study)

मेघा एक 26 वर्ष की सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी । उसे पदोन्नति हेतु चुना नही गया । यद्यपि कि उसके वरिष्ठ अधिकारी ने बाताया कि उसे नेतृत्व का और अधिक अनुभव प्राप्त करने की आवश्यकता है । मेघा ने निष्कर्ष निकाला कि "वह पूरी तरह से असफल है । वह कभी भी सफल नहीं हो सकती और उसे लोग अवश्य ही अयोग्य समझेंगे ।" उसके बाद वह उदासीन हो गई, टीम बैठकों में भाग लेना कम कर दिया नये कार्यों की जिम्मेदारी लेना बंद कर दिया । साथ ही कार्यालय जाने के पूर्व उसे दुश्चिंता महसूस होने लगी ।

एक परामर्शदाता ने मेघा का मूल्यांकन किया और पाया कि उसकी समस्या का प्रमुख कारण पदोन्नति न मिलना नहीं बल्कि उससे जुड़े उसके अतार्किक विचार थे । परामर्शदाता ने उसे आर.ई.बी.टी. (रैशनल इमोटिव बिहेवियर थैरेपी) के ABC मॉडल की सहायता से उसके नकारात्मक विचारों से अवगत कराया, तर्कपूर्ण ढ़ंग से उन्हे चुनौती दी तथा उनके स्थान पर यथार्थवादी एवं सकारात्मक विचार स्थापित करने में सहायता की ? कई सत्रों के बाद उसका आत्मविश्वास बढ़ा । वह पुन: समूह गतिविधियों में कार्य करने लगी और भविष्य में मिलने वाले पदोन्नति के अवसर हेतु तैयारी करने लगी ।

Megha, 26 years old software engineer, had not been selected for a promotion. Although her supervisor explained that she needed more leadership experiences. Megha concluded that "she is a complete failure. She will never be successful and everyone must think that she is incompetent." she became withdrawn, avoided team meetings and stopped volunteering for new projects. She also began experiencing anxiety before going to work.

A counsellor assessed Megha and found that her problem was not caused only by the not getting promotion but due to the irrational beliefs she had developed about herself. During therapy, the counsellor explained the ABC model of REBT (Rational Emotive Behavior Therapy), helped Megha to identify her irrational beliefs, challenged them with logical assertions and encouraged her to replace them with rational and flexible thoughts. After several sessions, Megha's confidence improved. She resumed participation in team activities and started preparing herself for future promotion opportunities.

प्रश्न: (4.1) इस केस में प्रयुक्त मनोचिकित्सा पद्धति की पहचान करें ।

Identify the therapeutic approach used in this case.

प्रश्न: (4.2) वर्तमान केस के संदर्भ में आर.ई.बी.टी. के ABC मॉडल की व्याख्या करे ।

Explain the ABC model of REBT with respect to the current case.

प्रश्न: (4.3) मेघा के विचारों में कौन-सी अतार्किक मान्यताऐं दिखाई दी ?

Which irrational beliefs are reflected in Megha's thinking ?

प्रश्न: (4.4) परामर्शदाता ने मेघा की सोच में कैसे परिवर्तन किया ?

How did counsellor help Megha to change her thinking ?

प्रश्न: (4.5) कौन-से व्यवहारिक बदलाव बताते है कि चिकित्सा सफल रही ?

What behavioral changes indicate that therapy was successful ?

प्रश्न: (4.6) वर्तमान केस में आर.ई.बी.टी. की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करे ।

Evaluate the effectiveness of REBT in the current case.

SECTION – B/ खण्ड – ब

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **16** अतिलघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **20** शब्द होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है । **(16×2=32)**

Que. : 1. This question contains **16** very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **20** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **02 (two)** marks.

प्रश्न: (1.1) जे. ए. शुम्पीटर के अनुसार उद्यमिता को परिभाषित करने वाला मुख्य तत्व कौन-सा है ? और उस तत्व की दो विशेषता लिखे ।

Which central element defines entrepreneurship according to J.A. Schumpeter ? And unite two characteristics of it.

प्रश्न: (1.2) भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर उद्यमियों के कोई चार प्रकार बताइए ।

State the any four types of entrepreneurs on the basis of geographical area.

प्रश्न: (1.3) राबर्ट के. लैम्ब उद्यमिता को कैसे परिभाषित करते है ?

How does Robert K. Lamb define entrepreneurship ?

प्रश्न: (1.4) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (NSIC) के मुख्य दो कार्य क्या है ?

What is the two main function of National Small Industries Corporation (NSIC) ?

प्रश्न: (1.5) हेनरी फेयोल द्वारा दी गयी प्रबन्ध की परिभाषा बताइए ।

State and clarify the definition of management as given by Henri Fayol.

प्रश्न: (1.6) सामग्री प्रबन्धन में स्टॉक (इन्वेंटरी) की अवधारणा क्या है ?

What is the concept of inventory in material management ?

प्रश्न: (1.7) समय प्रबन्धन क्या है ?

What is time management ?

प्रश्न: (1.8) प्रशिक्षण की "भूमिका निर्वाह विधि" को बतायें ।

Point out the "Role Playing Method" of training.

प्रश्न: (1.9) गुलिक और उर्विक ने प्रशासन के कौन-से सात सिद्धान्त स्थापित किये ?

Which are the seven principles of administration laid down by Gulick and Urwick ?

प्रश्न: (1.10) लोक सेवा सन्दर्भ में तनाव प्रबन्धन को परिभाषित कीजिए ।

Define stress management in the public service context.

प्रश्न: (1.11) लोक प्रशासन में बहुलता का क्या आशय है ?

What does plurality mean in public administration ?

प्रश्न: (1.12) आपदा प्रबन्धन के चार चरणों के नाम बताइए ।

Name the four phases of the disaster management.

प्रश्न: (1.13) व्यक्तित्व की अन्तर्मुखता से आपका क्या आशय है ?

What do you mean by introvert personality ?

प्रश्न: (1.14) "A" प्रकार के व्यक्तित्व से आप क्या समझते है ?

What do you mean by "A" Type personality ?

प्रश्न: (1.15) नागरिक बोध से क्या आशय है ?
What is meant by civic sense ?

प्रश्न: (1.16) देश का कौन-सा अधिनियम खाद्य पदार्थों के मिलावट के विरुद्ध कानूनी प्रावधान प्रदान करता है ?
Which Act of the country makes legal provisions against food adulteration ?

प्रश्न : 2. इस प्रश्न में **08** लघुउत्तरीय उप-प्रश्न है । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **60** शब्द होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **07 (सात)** अंकों का है । **(8×7=56)**

Que. : 2. This question contains **08** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **60** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **07 (seven)** marks.

प्रश्न: (2.1) "दूत निवेशक" की अवधारणा समझाइए ।
Explain the concept of "Angel Investor".

प्रश्न: (2.2) मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना – 2023 हेतु लाभार्थी की-पात्रता मानदंड का उल्लेख कीजिए ।
Mention the eligibility criteria for the beneficiary of Madhya Pradesh Mukhya Mantri Yuva Udyami Yojna – 2023.

प्रश्न: (2.3) "संगठन नियमावलियाँ" को संक्षेप में समझाइये ।
Explain in short "Organisational Manuals".

प्रश्न: (2.4) "उद्देश्यों द्वारा प्रबन्ध" की अवधारण की व्याख्या कीजिए ।
Explain the concept of "Management by Objectives".

प्रश्न: (2.5) वित्तीय प्रबन्धन के क्षेत्र (विस्तार) की व्याख्या कीजिए ।
Explain the scope (extension) of financial management.

प्रश्न: (2.6) संघर्ष प्रबन्धन की तकनीकों के बारे में संक्षेप में समझाइए ।
Explain briefly about the techniques of conflict management.

प्रश्न: (2.7) सामाजिक शिष्टाचार क्या है ? इसके विभिन्न प्रकारों को बताइए ।
What is social etiquette ? State its different types.

प्रश्न: (2.8) समय प्रबन्धन की विभिन्न तकनीकों का निरूपण कीजिये ।
Elaborate the different techniques of time management.

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में **04** दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न है । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **11 (ग्यारह)** अंकों का है । **(4×11=44)**

Que. : 3. This question contains **04** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **11 (eleven)** marks.

प्रश्न: (3.1) संसाधनों की प्राप्ति एवं स्थापित क्षमता के विकास में उद्यमियों की भूमिका की विवेचना कीजिए ।

Discuss the role of entrepreneurs in procurement and development of installed capacity of resources.

अथवा/OR

महिला उद्यमिता की चुनौतियों की विस्तृत व्याख्या कीजिए ।

Explain in detail the challenges of woman entrepreneurship.

प्रश्न: (3.2) अभिप्रेरण के आशय तथा विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

Explain the meaning and characteristics of motivation.

अथवा/OR

नेटवर्क मार्केटिंग से आपका क्या आशय है ? नेटवर्क मार्केटिंग की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए ।

What do you mean by network marketing ? Explain the process of network marketing.

प्रश्न: (3.3) लोक प्रशासन में प्रबन्धन के महत्वपूर्ण आयामों की विवेचना कीजिए ।

Analyse the important dimensions of management in public administration.

अथवा/OR

लोक सेवा क्षेत्र में तनाव और संघर्ष प्रबन्धन की व्याख्या करें तथा उनके महत्व पर भी प्रकाश डाले ।

Explain stress and conflict management in public service domain and also highlight their importance.

प्रश्न: (3.4) मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को समझाइए । यह भी बताइए कि कोई अपना नाम मतदाता सूची में कैसे जुड़वा सकता है ?

Explain Voters' Awareness Programme. Also state that how can one add his/her name in the voters' list ?

अथवा/OR

यातायात प्रबन्धन क्या है ? सड़क सुरक्षा के नियमों को बताइए ।

What is traffic management ? State the rules of road safety.

[P.T.O.

प्रश्न : 4. इस प्रश्न में **01** केस स्टडी है, जिसमे कुल **06** प्रश्न होंगे तथा **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **30** शब्द होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** है । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । **(6×3=18)**

Que. : 4. There is **01** case study in this question, in which there will be total **06** sub-questions and ideally word limit for each answer will be **30** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **03 (three)** marks.

प्रश्न: (4) **प्रकरण अध्ययन** (Case Study)

पैट्रिशिया नारायण, व्यावसायिक पृष्ठभूमि के अभाव तथा नशाखोर पति के कारण दो बच्चों सहित असफल वैवाहिक जीवन के बावजूद तीस वर्ष पूर्व चेन्नै के मरीना समुद्र तट पर ठेले पर खाद्य पदार्थों का व्यवसाय प्रारम्भ किया । अपने घर से निकाले जाने के कारण जीवन निर्वाह के लिए उसने अपने खाना बनाने के शौक को व्यावसायिक स्वरूप दिया । उसने अपनी माँ के अल्प विनियोजन से शुरू करके गृह निर्मित अचार, स्क्वैश तथा जैम का विक्रय प्रारम्भ किया । इस तरह उसे अत्यन्त कठिन व्यक्तिगत तथा सामाजिक बाधाओं पर विजय प्राप्त करने का विश्वास प्राप्त हुआ ।

इस समय वह चेन्नै में एक सफल रेस्टोरेण्ट की शृंखला की स्वामिनी है । पुनश्च, इस वर्ष के लिये 'फिक्की महिला उद्यमी पुरस्कार' के लिऐ भी चुनी गयी हैं ।

Patricia Narayan, despite the lack of business background and an unsuccessful marriage with an addicted husband and having two children, started a food business on a mobile cart at Marina Beach, Chennai thirty years ago. Driven by the need for survival after being thrown out from her home, she leveraged her passion for cooking into business. Starting with a small investment from mother, she started selling the home-made pickles, squashes and jams, Thus, she gained confidence to overcome immense personal and social hurdles.

Now, she is the owner of a successful chain of restaurants in Chennai. Further, she has been recognised as the 'FICCI woman Entrepreneur Award' of this year.

प्रश्न: (4.1) पैट्रिशिया नारायण के खाद्य व्यवसाय प्रारम्भ करने के पीछे मुख्य प्रेरणा क्या थी ?

What was the main motivating factor behind Patricia Narayan for starting her food business ?

प्रश्न: (4.2) पैट्रिशिया नारायण ने अपने खाद्य व्यवसाय प्रारम्भ करने में वित्तीय समस्याओं का कैसे समाधान किया ?

How did Patricia Narayan overcome financial problems for starting her food business ?

प्रश्न: (4.3) पैट्रिशिया नारायण के प्रकरण अध्ययन में उद्यमशीलता की कौन-सी विशेषता परिलक्षित होती है ?

Which of the entrepreneurial traits are visible in the case study of Patricia Narayan ?

प्रश्न: (4.4) चेन्नै के मरीना बीच पर ठेले पर व्यवसाय शुरू करने से कौन-से विपणन व्यूह रचना का लाभ मिला ?

Which of the marketing strategy has been observed successful by starting business on mobile cart at Marina Beach, Chennai ?

प्रश्न: (4.5) औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण के अभाव के बावजूद पैट्रिशिया नारायण एक महिला उद्यमी के रूप में किन अवसरों के कारण एक सफल उद्यमी बनी ?

Due to which opportunities, Patricia Narayan became successful entrepreneur despite lack of formal business training and an woman entrepreneur ?

प्रश्न: (4.6) पैट्रिशिया नारायण एक महिला उद्यमी के रूप में किन किन चुनौतियों का सामना करके अपने व्यवसाय को एक ठेले से रेस्टोरेण्ट की शृंखला तक पहुँचाने में सफल रहीं ?

By overcoming what challenges, Patricia Narayan become successful woman entrepreneur by achieving ownership of chain of restaurants from mobile cart ?